# बेहतरीन फिल्मों के लिए वार्षिक फि ल्म पुरस्कार शुरू करेगी प्रदेश सरकार: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** को फिल्म निर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने हाल ही में एक व्यापक फिल्म नीति को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और यहां के नैसर्गिक स्थल फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त हैं। प्रदेश में पूर्व में अनेक सुपर हिट फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है और प्रदेश सरकार राज्य में फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा प्रदान कर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है।नई फिल्म नीति हिमाचल को फिल्म निर्माण के पसंदीदा गंतव्य के रूप




में स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगी। राज्य के इतिहास, संस्कृति, विरासत, परम्पराओं और अनछू, गंतव्य स्थलों को प्रसारित करने में भी यह नीति सहायक सिद्ध होगी। इस नीति का उद्देश्य फिल्म उद्योग के माध्यम से प्रदेश में अतिरिक्त निवेश को आकर्षित करना है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में एक फिल्म सुविधा सेल स्थापित किया जाएगा जो फिल्म निर्माण की अनुमति के लिए एकल खिडकी के रूप में कार्य करेगा और तीन कार्य दिवस में एक त्वरित ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। यह सेल निमार्ताओं को आवश्यक अनुमति प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने के साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेब पोर्टल से जुड़े केन्द्रीय कोष के रूप में भी कार्य करेगा।फिल्म निमार्ताओं को बेहतर सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट फिल्म शूटिंग स्थलों की पेशकश की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन उपकरणों को सूचीबद्ध कर निजी कंपनियों को प्रोडक्शन हाउस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में कम से कम 50 प्रतिशत शूटिंग के साथ बेहतरीन फिल्मों के लिए वार्षिक फिल्म पुरस्कार शुरू करेगी। इसके साथ ही प्रदेश के प्रतिभावान बच्चों और युवाओं को कलाकार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ललित कला और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की प्रतिभाओं को निखार कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। फिल्म फेस्टीवल, पुरस्कार और संबंधित गतिविधियों के आयोजन के दृष्टिगत एक फिल्म विकास निधि भी निर्मित की जाएगी। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा इसका प्रबंधन हिमाचल प्रदेश फिल्म विकास परिषद् के मार्गदर्शन में किया जाएगा। फिल्म विकास परिषद् राज्य में फिल्म क्षेत्र के विकास के लिए रणनीति तैयार करेगी और आवश्यक अधोसंरचना के विकास एवं स्तरोन्नयन के लिए प्रदेश सरकार को आवश्यक सिफारिश भी करेगी।

# हरिपुरधार के मां भंगाइनी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हरिपुरधार के** मां भंगाइनी में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ व पंजाब आदि राज्यों से सैकडो की संख्या में श्रद्धालु हरिपुरधार पहुंचे। हरिपुरधार बाजार में दिनभर बहानों की भारी भीड़ रही जिसके कारण लोगो को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा पर्व पौष त्योहार एक दिन पहले ही शनिवार को सम्पन्न हुआ है। क्षेत्र के जो लोग देश विदेश व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में नौकरी व अन्य कार्य करते है इस त्योहार को मनाने के लिए वह सभी लोग अपने घर आए थे। त्योहार खत्म होने के बाद लोग अपने कुलिष्ठ देवते के दर्शन के लिए अपने गांव के मंदिरों में पहुंचे। अधिकतर लोग नोकरी व



अन्य पेशे के सिलसिले में 6 महीने व एक वर्ष तक गांव से बहार रहते है। लंबे समय बाद जब वह लोग घर आते है तो अपने कुलीष्ठ देवते की पूजा अर्चना जरूर करते है। इस लिए मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर गांव के मंदिरों में भी श्रद्धालुओ की भारी भीड़ रहती है।

**द्रविलए गेलियो व नैनीधार में भी उमड़ी भीड़**

गिरिपार क्षेत्र के द्रबील में महासु मंदिर, नैनीधार के शिव मंदिर, बड़ोल के बिजाई माता मंदिर, पंजाह के कुचियाट मंदिर, गेलियों व रनवा गांव के शिरगुल मंदिरो के अलावा गिरिपार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। वर्ष में दो बार ही संक्रांति पर क्षेत्र के मंदिरों में भारी भीड़ जुटती है। सबसे अधिक भीड़ मकर संक्रांति पर जुटती है जबकि वैशाखी की संक्रांति पर भी क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ जुटती है।

# पातलेश्वर महादेव क्रिकेट ट्रॉफी का विधायक सुखराम चौधरी ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**पातलेश्वर महादेव** क्रिकेट ट्रॉफी का शुभारंभ बैट से बाल खेल कर प्रदेश सरकार में पूर्व ऊर्जा मंत्री व लोकप्रिय पांवटा साहिब विधायक सुखराम चौधरी ने ग्राम पंचायत पतलियों में किया।साथ ही पातलेश्वर महादेव क्लब को शुभकामनाएं दी और धन्यवाद किया, और कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडल जीतकर लाने चाहिए और अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन करना चाहिए खेलने से शारीरिक



फिटनेस भी ठीक रहती है, और शरीर तंदुरुस्त रहता है। उन्होंने कहा कि मोदी कहा करते है की जब खेलेगा भारत तभी तो जीतेगा। इस मुहीम के तहत पूरे देश में युवाओं को मोटिवेशन मिलता है इस समारोह में पंचायत प्रधान सज्जन सिंह, राहुल चौधरी, मोहन सहोता, गुरुबचन चौधरी, जसवीर सिंह, संजू और सभी क्लब के सदस्य मौजूद रहे। इसको संगठित किया है लकी फौजी ने और पूरे क्लब मेंबर की तरफ से किया गया हैं।

# 25 जनवरी को गेयटी थियेटर में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**14वां मतदाता** दिवस गेयटी थियेटर में 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य थीम ष्वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमष रखा गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गेयटी थियेटर में ईवीएम/वीवीपैट डेमनस्टेशन केन्द्र बनाया जाएगा, चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा मतदान संबंधी जानकारी एलईडी के माध्यम से लोगों को प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मतदाता



सुविधा केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां नए और मौजूदा मतदाताओं को वोट बनाने और नवीनीकरण संबंधी सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज के लिए राज्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए पंजीकृत मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान एपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर एक मतदान केन्द्र और उपमण्डल दण्डाधिकारी कार्यालय में मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलेभर के सभी बूथ अधिकारी लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी अपने-अपने स्तर पर सभी विभागों, बोर्डों-निकायों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेंगे। नए मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण हो सुनिश्चित आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने 20 से 29 वर्ष के पात्र छूटे मतदाताओं की पंजीकरण दर को भी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं का विभागीय डाटा मतदाता सूची से मिलाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी दिव्यांग मतदाता सूची से बाहर न रहे। उन्होंने बताया कि चुनाव पाठशाला गतिविधियां हर माह के पहले शनिवार को और मतदान साक्षरता क्लब की गतिविधियां हर तीसरे शनिवार को प्रत्येक मतदान केन्द्र और सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला ग्रामीण निशांत कुमार, तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### आईजीएमसी शिमला से लौटे अभिनव को हिमाचल हार्ट इंस्टीट्यूट गुटकर मंडी में मिला इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। मंडी के** गुटकर स्थित हिमाचल हार्ट इंस्टीट्यूट में दिल के छेद का सफल ऑपरेशन डॉक्टर कुणाल महाजन के द्वारा किया गया।कांगड़ा जिला के निवासी 10 वर्षीय अभिनव को बचपन से ही दिल में छेद था। उसके पिता संतोष कुमार ने बताया कि वह इलाज के लिए हिमाचल सहित अन्य राज्यों में गए परंतु इलाज संभव न हो सका। यहां तक की आईजीएमसी शिमला से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी इसके बाद उन्होंने फेसबुक पर हिमाचल हार्ट इंस्टीट्यूट की वीडियो देखी और वह बेटे के इलाज के लिए गुटकर स्थित इस अस्पताल पहुंचे उन्होंने बताया कि यहां हिमकेयर कार्ड की वजह से उनके बेटे का इलाज मुफ्त में हुआ और दो दिन बाद अस्पताल ने अभिनव को छुट्टी भी दे दी। दूसरा केस मंडी से है जिसका भी सफल ऑपरेशन डॉक्टर कुणाल महाजन और उनकी टीम द्वारा किया गया। खास बात यह रही की इन दोनों मरीजों के दिल के छेद हृदय के निचले भाग में थे। इस तरह के छेद को बंद करना बहुत मुश्किल माना जाता है।

### ईजमायट्रिप ने नई सब्सिडिएरी ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च कर बीमा क्षेत्र में कदम रखा

**पांवटा साहिब: ईजमायट्रिप** .कॉम ने अपनी नई सब्सिडिएरी ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च किया है।ईजमायट्रिप .कॉम भारत का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म है।यह लॉन्च अपने सेवा पोर्टफोलियो में विविधता लाने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विशेष उत्पाद बनाकर बीमा बाजार में प्रवेश करने के लिहाज से उठाया गया रणनीतिक कदम है।यह नया उद्यम उद्योग में ईजमायट्रिप की स्थिति को और अधिक मजबूत करेगा और कंपनी के 20 मिलियन से अधिक यूजर्स के जरिए 7.9 ट्रिलियन रुपये के बाजार की जरूरतों को पूरा करेगा।भारत दुनिया के उभरते बीमा बाजारों में पांचवां सबसे बड़ा जीवन बीमा बाजार है जो हर साल 32.34 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। भारतीय बीमा बाजार के 2027 तक 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सहायक कंपनी का निर्माण ग्राहक संतुष्टि और पेशकश विस्तार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को अम्ब्रेला ब्रांड के तहत एक विशिष्ट इकाई के रूप में शामिल किया गया है। ईज़मायट्रिप के सीईओ और को फाउंडर,निशांत पिट्टी ने नए उद्यम के बारे में कहा यह नई सब्सिडिएरी हमारे लिए एक बड़ा कदम है क्योंकि हम अपनी सेवाओं में विविधता लाकर बीमा बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के लिए संपूर्ण यात्रा इकोसिस्टम की पेशकश करना है और यह पहल उसी दिशा में उठाया गया प्रगतिशील कदम है। हम उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि को लेकर प्रतिबद्ध हैं और हमें विश्वास है कि हम हमारे मौजूद और नए ग्राहकों को स्थायी रूप से प्रभावित करने में सक्षम होंगे।

# गुरद्वारा दुख निवारण साहिब रामनगर मंडी में मनाया गया प्रकाश पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**गुरद्वारा दुख** निवारण साहिब रामनगर मंडी में संत महाराज हरनाम सिंह किले वाले का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया । इस दौरान गुरुद्वारे में दिल्लीएपंजाब से आए रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर संगतो को निहाल किया। प्रकाश पर्व को लेकर मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा ने भी मंगवाई स्थित दुख निवारण साहिब गुरुद्वारे में शीश नवाया। इस दौरान उन्होंने नीलधारी संगत मंडी द्वारा उन्हें बुलाने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने संत महाराज हरनाम सिंह जी के प्रकाश पर्व पर सभी संगतों को बधाई दी हैं। दुख निवारण साहिब गुरुद्वारा कमेटी मंडी के प्रधान विशेश्वर सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर 7 जनवरी से 14 जनवरी तक प्रभातफेरियों का आयोजन किया गया, इसके साथ ही 13 व 14 जनवरी को गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सैकडों सांगतो ने गुरु ग्रथ साहिब के यहां शीश नवाया।इस दौरान अटूट लंगर भी बरताया गया।

# खुद जाल में फंस गया पिंजरे में आदमखोर तेंदुआ

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**आखिरकार जिला** सिरमौर के गिरिपार के सबगड़ाह उपमंडल की ग्राम पंचायत सेरतेंदुला में कई मवेशियों का शिकार कर चुका तेंदुआ जाल में फंस गया। जानकारी के मुताबिक संगड़ाह के बोगधार और शामरा के जंगल में कई दिनों से तेंदुए ने दहशत फैला रखी थी। आलम यह था कि कई पशुपालकों के मवेशियों को यह तेंदुआ शिकार बन चुका था। लंबे समय से बोगधार, शामरा और सेरतेंदुला के ग्रामीण खौफ के साए में



जी रहे थे, जिसके चलते ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की थी कि सेरतेंदुला के समीप पिंजरा लगाया जाए, ताकि तेंदुए को पकड़ा जा सके। आखिरकार ग्रामीण और वन विभाग की जुगत काम आई और रविवार तडके ही एक तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। जानकारी के मुताबिक करीब एक महीना पहले क्षेत्र के बराड़ी निवासी भीम सिंह को भी तेंदुए ने बुरी तरह नोच खाया था जिसके चलते भीम सिंह को अस्पताल में उपचार करवाना पड़ा। उसके बाद न केवल बराड़ी और सेरतेंदुला के ग्रामीणों में दहशत थे, बल्कि आसपास के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी तेंदु, का डर इस कदर था कि लोग शाम के समय अकेले बाहर भी नहीं निकलते थे। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों तेंदुआ गांव के आसपास विचरण करता हुआ देखा गया है जिससे ग्रामीण सहमे हुए हैं।

# रेत लेकर जा रहा ट्रक नाहन के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त

## ब्रेक फेल होते ही सूझबूझ के साथ पहाड़ी से टकराया ट्रक, दूसरों को दी सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**कुमारहट्टी नेशनल** हाईवे पर नाहन आईटीआई के समीप रविवार को ब्रेक फेल हो जाने से ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे एक ट्रक एचपी - 71 -8168 कालाअंब से रेत लेकर राजगढ़ जा रहा था। अचानक आईटीआई के समीप एनएच 907 ए पर ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। चालक ने हिम्मत से काम लेते हुए सडक पर चल रहे भारी ट्रैफिक के बावजूद ट्रक को सूझबूझ के साथ पहाड़ी से टकरा दिया। ट्रक उतराई की तरफ था



लिहाजा टक्कर के साथ ही वह पलट भी गया। अच्छी बात तो यह रही कि ट्रक में कोई भी हताहत नहीं हुआ। ट्रक को अंकुश निवासी नाहन चल रहा था। अब यदि चालक अपनी जान पर खेलते हुए ट्रक को पहाड़ी से न टकराता तो बड़ा हादसा हो सकता था। चालक की इस सूझबूझ की लोगों ने भी भूरी भूरी प्रशंसा की है। उधर मौके पर गुनूघाट पुलिस के कर्मचारी भी पहुंच गए थे। बता दें किआईटीआई के समीप मार्ग संकरा होने के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। साथ लगती नाली को भी खुला रखा गया है जिसमें अक्सर दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। ज्यादातर बड़े ट्रक ही दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं।स्थानीय निवासी देवी चंद, देव स्वरूप, सतीश राणा, मनोज प्रभाकर, हरदेव सिंह ठाकुर ने मांग की है कि बनोग कांशीवाला रोड को बड़े वाहनों के लिए खोला जाए और शहर से बड़े वाहनों का आना-जाना बंद किया जाए।

# कुठियाडी में जुआ खेलते चार काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**थाना अंब** के तहत कुठियाड़ी में पुलिस ने चार व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए काबू किया है, जिससे पुलिस ने नगदी बरामद की है। पुलिस ने सट्टा लगाने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


Government of Himachal Pradesh
JAL SHAKTI DIVISION, AMB

NOTICE INVITING E-PROCUREMENT TENDERS

Online bids on are invited by the Executive Engineer, Jal Shakti Division, Amb on behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system for the under mentioned work from the qualified and experienced contractors /firms of appropriate class enlisted with Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag, Central/ State Govt. Departments or Govt. undertakings.

| Sr. No | Description | Estimated cost (Rs.) | Earnest money (Rs.) | Time | Cost of form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of LWSS Amb Town in Tehsil Amb, Distt. Una (HP) (Sub Head :- Construction of Pump House, OHSR, UG Tank, Rising main, Gravity / distribution system for firefighting and internal wiring for Pump House etc.) Under AMRUT-2) | 7,34,95,423/- | 7,87,434/- | 2 Years | 2500/- |

The tenders document form (s) and other detailed Terms and conditions can be downloaded from the website hpiph.org and hptenders.in.

R.O.N-5000/2023-2024

Executive Engineer,
Jal Shakti Division, Amb
Distt. Una (HP)


# मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद नाहन बाईपास पर कार्य हुआ तेज

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**आखिर दशकों** लंबे इंतजार के बाद नाहन शहर को बाईपास मिलने का सपना साकार होता नजर आने लग पड़ा है। नाहन के विधायक अजय सोलंकी इस बाईपास सडक को गो थ्रू करने को लेकर मुख्यमंत्री से भी घोषणा करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद लोक निर्माण विभाग बनोग वाया धारक्यारी सब्जी मंडी सडक के निर्माण को लेकर कदमताल में भी जुट गया है। विधायक अजय सोलंकी के द्वारा लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद सडक के लिए एस्टीमेट तैयार किए जाने को लेकर डीपीआर बनाई जानी भी शुरू हो गई है। बिरोजा फैक्ट्री बनोग से सब्जी मंडी कांशीवाला तक यह सडक 9 किलोमीटर लंबी होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनोग से जाबल का बाग तक करीब 5 किलोमीटर वाले पोर्शन पर कुछ जगह नए कलवर्ट और पुलियां बनाई जानी है। जबकि जाबल का बाग से सब्जी मंडी तक सडक की एलाइनमेंट भी की जानी है। असल में यहां वाली सडक पंचायत की पुरानी सडक है जिसकी एलाइनमेंट बिल्कुल भी सही नहीं है। लिहाजा इस पूरे पोर्शन का एलाइनमेंट हेतु एस्टीमेट भी बनाया जाना शुरू किया गया है। आधिकारिक सूत्रों की माने तो इस सडक की एलाइनमेंट पूरी तरह से बड़े वाहनों को सुरक्षित रूप से चलाई जाने योग्य होगी। आधिकारिक तौर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार एक या दो महीने में डीपीआर तैयार कर एमसी में बजट हेतु भेज दी जाएगी। चूंकि मुख्यमंत्री इस सडक के निर्माण की घोषणा कर चुके हैं जिसमें उन्होंने 9 करोड़ के बजट को स्वीकार भी किया है। सडक में कुछ टेक्निकल कमियों को लेकर जो एस्टीमेट बनाया जा रहा है उस पर भी जल्द स्वीकृती होने की पूरी संभावना है। माना जा सकता है दो या तीन महीने के अंदर ही इस सडक को पक्का तारकोल युक्त बनाए जाने का कार्य शुरू हो जाएगा। बता दें कि इस सडक के निर्माण में आर्मी सिविलियन विवाद कई दशकों से चल रहा था। सडक पर जो आर्मी के साथ डिस्प्यूट था उसे पूर्व में रहे विधायक डॉ.राजीव बिंदल के द्वारा कड़े संघर्षों के बाद सुलझावा लिया गया था। अस्थाई रूप से इस सडक पर जाबल का बाग तक बस भी चलवाई गई थी।


उत्तर रेलवे

भारत सरकार, रेल मंत्रालय,
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे
रोजगार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 01/2024/एस एंड जी
आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org
(सांकेतिक सूचना)

वर्ष 2023–2024 के लिए स्काउट एंड गाइड कोटे में भर्ती

उत्तर रेलवे में वर्ष 2023–24 हेतु स्काउट एंड गाइड कोटे में 7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स लेवल 1 में 20 रिक्तियों और लेवल 2 में 05 रिक्तियों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। यदि पात्र है तो, प्रत्येक स्तर के लिए परीक्षा शुल्क सहित अलग अलग आवेदन करना होगा।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 12.01.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 17.01.2024 को 12 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 17.02.2024 को 12 बजे |
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | 09.03.2024 |

172/2024 आरआरसी/आर० आर० सी०

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



NOTICE INVITING E-TENDERING

The Assistant Engineer JSV Sub Division Uhal under JSV Division Hamirpur invites following tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through tendering Process:-

| S. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Time | Cost of form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of LWSS Lagwalti Bumsan in various storage tanks under JSV Sub Division Uhal Distt. Hamirpur (SH:- Providing of pump tool kits and CI sluice valves of various dia) | 194600/- | 3892/- | Three Months | 250/- |
| 2. | Restoration of rain damages of LWSS Lagwalti Bumsan in Tehsil Tauni Devi Distt. Hamirpur (SH:- Providing and fixing of RR Kut and sluice valve under Uhal Sub Division) | 198350/- | 3967/- | Three Months | 250/- |

Last date of filing/ uploading the tender through e- tendering 19.01.2024 up to 11.00 AM. The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hptenders.gov.in.

R.O.N- 4999/2023-2024

Assistant Engineer,
JSV Sub Division Uhal

# डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

## विधानसभा क्षेत्र सदर मंडी के सभी स्कूलों और कॉलेजों में 23 जनवरी को आयोजित होगी क्विज प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी सदर** विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में 23 जनवरी को डेमोक्रेसी क्विज प्रश्नोत्तरी के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने क्विज प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बुलाई गई स्वीप के नोडल अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी राष्ट्रीय वोटर दिवस के अवसर पर



सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित होगी। प्रारंभिक स्तर की प्रतियोगिता सभी शिक्षण संस्थानों में 23 जनवरी को आयोजित होगी। प्रत्येक शिक्षण संस्थान से इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेता रहे तीन प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। फाइनल प्रतियोगिता मार्च या अप्रैल माह में आयोजित होगी। जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित होगी। कनिष्ठ वर्ग में नवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी और वरिष्ठ वर्ग में कॉलेज और विवि के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मकसद देश की नई पीढ़ी को अपने देश, लोकतंत्र, चुनाव, निर्वाचन क्षेत्र और उम्मीदवारों के बारे में जानने के लिए जागरूक करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सूची सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुख 16 जनवरी तक उपमण्डल कार्यालय मंडी को भेज सकते हैं। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के सभी नोडल अधिकारियों और सदस्यों से अनुरोध किया कि वह इस आयोजन की सफलता के लिए अतिरिक्त प्रयास करें। उन्होंने इसे एक गेम चेंजर के रूप में लेने का भी आह्वान किया ताकि युवा पीढ़ी को प्रजातंत्र की जड़ों के साथ जोड़ा जा सके।

# 'कंगाल प्रदेश आर्थिक अकाल की ओर'

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन**

**प्रतिमाह लोन** लेकर केंद्र सरकार को कोसने वाली हिमाचल सरकार 13 माह में 13000 करोड़ आम जन के विश्वास को उधार रख लोन ले चुकी हैं। प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की इन उपलब्धियों की वजह से कांग्रेस सरकार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था परिवर्तन सरकार बताएं विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कितनी योजनाओं के माध्यम से गरीब वह उपयुक्त पात्रों को प्रदेश सरकार ने लाभार्थी किया,छोटे, मध्यवर्गीय कांट्रैक्टरों से लेकर क्रसना लैब जो स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं दे रही है उनकी आज देनदारियां करोड़ में खड़ी हैं। हिम केयर कार्ड से लेकर निगमों बोर्ड के कर्मचारियों की पेंशंन व तनख्वाह लंबित पड़ी है।अपितु केंद्र सरकार को कोसने व दुष्प्रचार का कार्य निरंतर प्रगति पर है। विवेक ने कहा कि जनता



द्वारा चुनी हुई सरकार केवल एक केयर टेकर होती है ना के मालिक माननीय मुख्यमंत्री को यह स्पष्टीकरण देना चाहिए की 13000 करोड़ के ऋण से किन को लाभार्थी बनाया गया व कहां उपयोग किया गया। क्योंकि 2017 में जयराम की सरकार आई थी तो प्रदेश का ऋण 48000 करोड़ था, 2022 में जब व्यवस्था परिवर्तन हुआ तो यह ऋण 75000 करोड़ था। गौर तलब है कि 2 वर्ष कोविड रहने के पश्चात भी भाजपा सरकार ने मात्र 27000 करोड़ का ऋण लिया।वर्तमान परिवेश में 13 माह में 13000 करोड़ का ऋण जनता के कंधों पर रखना प्रदेश सरकार कि किस उपलब्धि में गिना जाएगा।उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री बताएं गत एक वर्ष में घरेलू सकल उत्पाद जीण्डीण्पी दर क्या है और पूर्व में क्या थी।औद्योगिक इकाइयों से लेकर के अन्य प्रगति कार्य सब निलंबित व पलायन की स्थिति क्यों हैं। हिमाचल प्रदेश की वर्तमान व्यवस्था ने प्रदेश का स्वाभिमान ही समाप्त कर दिया है। वह एक सहयोग राशि पर चलने वाला प्रांत स्थापित कर दिया है ना प्रगति है ना उन्नति है ना संसाधन है बस सदैव सहयोग की अपेक्षा व आलोचना प्रदेश सरकार का सिद्धांत हो गया है। ऐसे में केंद्र सरकार को कोसकर आप प्रदेश की जनता को मूर्ख नहीं बना सकते।आपको अपनी विफलताओं का सामना करना पड़ेगा।

# 'स्कूलों को राजनीति का अड्डा ना बनाएं कांग्रेस सरकार के विधायक'

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**हिमाचल प्रदेश** कौशल विकास निगम के पूर्व चैयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने प्रैस नोट जारी करते हुए कहा कि आज कल वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोहों में कांग्रेस के विधायक व अन्य प्रतिनिधि जा रहे हैं और.राजनीतिक भाषण स्कूलों में दे रहे हैं यह एक ओछी राजनीति है। कांग्रेस सरकार के विधायकों व नुमाइंदों ने स्कूलों को बनाया राजनीति का अड्डा रू नवीन शर्मा।नवीन शर्मा ने कहा कि जनता तो कांग्रेस की झूठी नीतियों को समझ गई है और अब पछता रही है।ना ही जनता कांग्रेस के साथ



है ना ही कांग्रेसियों की कोई बात जनता सुनना चाहती है।स्कूलों में जा कर बच्चों को अपनी उपलब्धि तो बता नहीं सकते हैं परंतु राजनीतिक भाषण स्कूलों में दिए जा रहें हैं जो कि बहुत ही गलत परंपरा है। नवीन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को शर्म आनी चाहिए जो इतनी ओछी राजनीति कर रहे हैं अच्छा होता अगर स्कूलों में आने वाले बजट को समय पर कांग्रेस सरकार जारी करती स्कूलों को समय पर बजट तक जारी नहीं कर पा रही है। नवीन शर्मा ने कहा कि स्कूलों में राजनीतिक भाषणों में केंद्र सरकार की बुराई करने का काम किया जा रहा है वो तर्कसंगत नहीं है एक तरफ केंद्र सरकार के पास जा कर खुद मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री हाथ फैला रहे हैं और प्रदेश में आ कर केंद्र सरकार की बुराई करने का काम कर रहे हैं यह असहनीय है। नवीन शर्मा ने कहा कि अच्छा होता अगर अपने एक साल की उपलब्धियों को गिनाते और चुनावों के समय की गई दस गरंटियों की कोई उपलब्धि बताते परन्तु बताएंगे भी तो क्या एक साल में किया ही कुछ नहीं। नवीन शर्मा ने कहा कि स्कूलों का राजनीतिकरण करने का नया काम मुख्यमंत्री सुखू के इशारे पर किया जा रहा है और राजनीतिक भाषण स्कूलों में दिए जा रहे हैं जो सहन नहीं किया जाएगा। नवीन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनने के बाद सरकारी दफ्तरों, स्कूलों, कॉलेजों को बंद कर के ताला लगाने का काम किया है यही कांग्रेस की उपलब्धि है। नवीन शर्मा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सुख की नहीं दुख की सरकार है।

# क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू द्वारा कार्यक्रम मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**17 जनवरी** को कुल्लू जिला के बजौरा में आयोजित होने वाले सरकार गावं के द्वार कार्यक्रम में 7 ग्राम पंचायतों बजौरा, नियूल, परगाणु, शुरड़, हाट, मंझगावं व कलहेली के लोगों की शिकायतों का निपटारा करने के साथ-साथ लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान आरम्भ की गई विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे जागरूक किया जायेगा। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू द्वारा कार्यक्रम मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ नागराज पवार ने बताया कि इस दौरान पांच विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

उन्होंने कहा कि इस दौरान एनसीडी गैर संचारी रोगों व क्षेय रोगियों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ भी उपस्थित रहंगे।शिविर में स्वास्थ्य जांच के बाद निशुल्क दवाइयां प्रदान की जाएगी।

## एसबीएसडी भटोली कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। एसबीएसडी** महाविद्यालय भटोली में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। समापन अवसरपर नेहरू युवा केंद्र ऊना के उपनिदेशक डॉक्टर लाल सिंह ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को राष्ट्र सेवा में बढ़-चढकर आगे आने के लिए प्रेरित किया। पीएनबी के कार्यक्रम संचालक आकाश भारद्वाज द्वारा स्वरोजगार की योजनाओं के साथ-साथ बैंक फ्रॉड से जुड़ी हुई जानकारियां भी साझा की गई।

# अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी: विपिन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**सदर विस** क्षेत्र की ग्राम पंचायत ननांवां में सोमवार को अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम पंचायत ननवा में सदर खंड के प्रधान इंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में गांव के गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं तथा युवाओं ने विशेष तौर पर भाग लिया। इस बैठक में प्रदेश संघर्ष मोर्चा के बौद्धिक प्रमुख विपिन बंसल, जिला अध्यक्ष सीताराम कौंडल, रमेश कैंथ संयोजक, उपाध्यक्ष बर्फी देवी विशिष्ट अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर विपिन बंसल ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए



बताया कि शिक्षा हर समस्या का समाधान है। तार्किक होने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अनपढ़ रह जाता है तो वह हर स्तर पर दबाया जाता है क्योंकि वह अशिक्षित है और उसे अपने अधिकारों की जानकारी नहीं है। बंसल ने कहा कि संविधान में हर व्यक्ति को अपना जीवन शान से जीने का अधिकार दिया गया है। ऐसे में कोई भी एक दूसरे पर दबंगता से शासन नहीं कर सकता है। यदि कोई ऐसा करता है तो वह अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए यदि व्यक्ति शिक्षित होगा तो वह अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होगा और किसी भी स्तर पर अपने हकों के लिए लड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत रतन बाबा साहेब डाण भीम राव अंबेडकर जी ने भी यही कहा है कि भले एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों शिक्षा जरूर दो। विपिन बंसल ने समाज को जागरूककरने संबंधी शिक्षा के महत्व बताया तथा शिक्षित होने संगठित होने का अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। वहीं जिला अध्यक्ष सीता राम कौंडल ने बाबा साहेब की जीवनी और उनके द्वारा रचित संविधान के बारे में अनुच्छेद में दिए गए अधिकारों के द्वारा समस्त समूह को अवगत करवाया। उन्होंने जाति छोड़ो, समाज जोड़ो अंधविश्वास पाखंड छोड़ो संविधान और विज्ञान अपनाओ के बारे में तर्क सहित अपने विचार प्रकट किए। संयोजक रमेश कैंथ ने सामाजिक बुराइयों के बारे में बताया और उनको दूर करने के लिए उपाय सुझाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों द्वारा भी अपनेण्अपने विचार रखे गए। ग्रामीणों ने संयुक्त संघर्ष मोर्चा को पूर्ण समर्थन देने के लिए आश्वासन दिया और संविधान को बचाने हेतु संकल्प भी लिया। इस बैठक में बर्फी देवी, तुलसी राम, विजय राम, मदन लाल, इंद्र सिंह, विपिन बंसल, सीता राम, रमेश कैंथ, बलि राम, रतन लाल, सोहन लाल, रूप लाल, सुंका राम, संजय कुमार, दीप कुमार, रोशन लाल, हरिदत कुमार, ज्ञान चंद, मदन लाल, अमर नाथ, विपन कुमार, उर्मिला देवी, रूमा देवी, हरदेई देवी व विपन कुमारी आदि मौजूद थे।

# भाजपा हमीरपुर मंडल ने मंदिरों में राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान की शुरूवात की: विक्रांत

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर मंडल** मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक भाजपा देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने जा रही है। देशभर के मंदिर और पूजा स्थल के आसपास के क्षेत्रों में विशेष तौर पर यह अभियान चलाया जाएगा।विक्रांत भारद्वाज ने कहा कि भाजपा हमीरपुर मंडल ने मकर संक्रांति से 22 जनवरी अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह तक देश भर के मंदिरों



में स्वच्छता अभियान चलाने का फैसला किया है। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में स्वच्छता अभियान के तहत गुरु रविदास मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया। भाजपा ने रविवार को एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान स्वच्छता अभियान शुरू किया, जो 22 जनवरी तक देश भर के सभी मंदिरों में चलाया जाएगा।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के निदेशों के बाद, भाजपा ने फैसला किया है कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक, हम पार्टी नेता और कार्यकर्ता देश के कई मंदिरों और पवित्र परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। दिल्ली के गुरु रविदास मंदिर से अभियान की शुरूआत की।मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने बताया की इस उपलक्ष पर हमीरपुर मंडल के कृष्णा नगर में हमीरपुर मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मंदिर परिसर की सफाई की गई।

# अल्पाइन स्कियर साहिल ठाकुर कोरिया में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

**मनाली के साहिल** ठाकुर साउथ कोरिया में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 19 जनवरी से एक फरवरी तक साउथ कोरिया में आयोजित हो रहा यूथ ओलंपिक में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले साहिल ठाकुर एकमात्र अल्पाइन स्कीयर होंगे। टीम मैनेजर लुदर व कोच ओलंपियन चुनी लाल भी 16 जनवरी को साउथ कोरिया के लिए रवाना होंगे। 6 नवम्बर से 10 नवम्बर तक दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में साहिल ठाकुर ने क्वालीफाई किया था। अब उसका चयन यूथ ओलंपिक के लिए हुआ है। इस बार हिमपात न होने से हिमाचल के सकीयरों की भी दिक्कत बढ़ी है। हिमपात न होने के चलते साहिल अपने गृह क्षेत्र सोलंगनाला की ढलानों में अभ्यास नहीं कर पाए हैं। भारतीय टीम के मैनेजर एवं हिप्र विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि टीम के कोच चुनी लाल व यूथ ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी साहिल ठाकुर के साथ 16 जनवरी को मनाली से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि साहिल एकमात्र खिलाड़ी है जिसने यूथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# भाजपा जिला मंडी किसान मोर्चा ने कंसा चौक में किया नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भाजपा किसान मोर्चा ने शिव मंदिर कंसा चौक में सफाई अभियान चलाया। इस सफाई अभियान में विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा उपस्थित रहे। संजीव देष्टा ने कहा कि आज हमे गर्व है कि लगभग 500 वर्षो के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। 22 जनवरी राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने जा रहा है जो कि हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है। भाजपा व देश की जनता में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह बना हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश के



सभी तीर्थ स्थलों, मंदिरों को भी साफ सुथरा करने का आग्रह सभी देशवासियों से किया है। सभी 22 तारीख को अपने अपने गांव के मंदिरों में पूजा,भजन कीर्तन व अन्य भव्य कार्यक्रमों में भाग लिया जायगा। सफाई अभियान के बाद नमो कबड्डी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ संजीव देष्टा ने किया। भाजपा संगठनात्मक मंडी जिला की टीमो ने भाग लिया। समापन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने मुख्याथति के रूप में भाग लिया। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारा दिया है कि नशा भगाओ, खेल अपनाओ। आज की युवा पीढ़ी को खेल की तरफ ध्यान देना चाहिये। आने बाले समय मे फिर से तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। मोदी सरकार ने ग्रामीण खेलो को मजबूत करने का काम किया है। सिराज की टीम ने फाइनल में बल्ह की टीम को 5 अंको से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहाल चंद शर्मा व संजीव देष्टा ने खिलाडि?ों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दलीप की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, किसान मोर्चा प्रदेश सचिव भागीरथ घरवाल, प्रवक्ता महेश, सेषपाल सकलानी,अभिनव गुलेरिया, जिला महामंत्री किसान मोर्चा जोधवीर, नवीन गुलेरिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह,कुलदीप, सुरेंद्र, कर्ण व रैफरी महेंद्र कांत की टीम व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## पंजोआ में आयोजित राम कथा में डिप्टी सीएम ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को चिंतपूर्णी विधानसभा के क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के पैतृक गांव पंजोआ में चल रही राम कथा में हिस्सा लेकर प्रवचन सुने। इस मौक पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि धार्मिक समागम हमारे जीवन धारा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे यहां हमें हमारे महापुरुषों के जीवन चरित्र के बारे में पता चलता है, वही आने वाली पीढ़ी संस्कारों को ग्रहण करती है।

# घाटी के सभी देवता स्वर्ग प्रवास पर, मिट्टी खुदाई व शोर शराबे पर लगा प्रतिबंध

## हिडिंबा मंदिर को छोड़ बाकी सभी मंदिरों में देव कार्य प्रतिबंधित

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ नरेंद्र अंगारिया**

**मकर संक्रांति** से हिडिंबा मंदिर को छोड़ घाटी के बाकी सभी मंदिरों के कपाट आज से बंद हो जाएंगे। सभी तरह के देव कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। घाटी के सभी देवता स्वर्ग प्रवास पर रहेंगे। डेढ़ माह बाद सभी मंदिरों के कपाट खुलेंगे। घाटी के लोग इस परंपरा का वर्षों से निर्वहन करते आ रहे हैं। मनाली से सोलंग गांव तक के नौ गांवों के लोग जहां गौतम ऋषि गोशाल के आदेशानुसार खेतीबाड़ी के संबंधित तमाम कार्यों जैसे मिट्टी खुदाई, खेतों की जुताई आदि को पूर्णतया बंद कर देते हैं। वहीं



नासोगी पंचायत, वशिष्ट और जगतसुख पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव में भी इसी परम्परा का वहां किया जाता है। सिमसा स्थित भगवान कार्तिक स्वामी के कपाट भी आज से बंद हो गए। कार्तिक स्वामी के कारदार राजू ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति पांच गांव सिमसा, कन्याल, छियाल, मढ़ी और रांगडी में किसी भी तरह के शोर, ऊंची आवाज में गाने बजाने व कृषि कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा। उझी घाटी मनाली के नौ गांवों मंदिर कमेटी के प्रधान वेद राम ठाकुर ने बताया कि घाटी में देव रीति के अनुसार यह परंपरा चली आ रही है और सभी को इसका पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि घाटी के सभी बागवान मकर संक्रांति से पहले पहले सभी प्रकार के कृषि कार्यों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। ठाकुर वेद राम ने कहा कि गौतम ऋषि के मंदिर गौशाल से जुड़ी एक किवदंति के अनुसार प्राचीन समय में एक गूंगा खेत में हल जोत रहा था की उसके हाल की नोक एक सख्त चीज से टकराई जब उसने देखा तो खेत में एक शिवलिंग था जो हाल की नोक लगने से बीच से फट गया था। उसने जब उस शिवलिंग को उठाया तो उसके बोलने की शती वापस आ गई। शिवलिंग द्वारा ने गूंगे के माध्यम से आकाशवाणी की गई कि मेरा मंदिर स्थापित किया जाए और मकर संक्रांति से लेकर डेढ़ माह तक सब प्रकार का शोर गुल और कृषि कार्य पूर्णतया बंद रखे जाएं। तब से लेकर आज तक ग्रामीण इस परंपरा को निभा रहे हैं। वेद राम ने बताया कि संक्रांति के दिन लोग मंदिर में विराजमान शिवलिंग को एक विशेष। प्रकार की मिट्टी का लेप लगाकर, मंदिर के कपाट बंद कर देते हैं। डेढ़ माह बाद जब मंदिर खुलता है और शिवलिंग से मिट्टी हटाई जाति है तो उसमें मिलने वाले, संकेतों जैसे पत्ते, बाल, फूल, कोयला और अनाज के आधार पर विश्व में साल भर में होने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी देवता के गुर के माध्यम से की जाती है जो सटीक और सच साबित होती है। उन्होंने कहा कि इस दौरान घाटी में टेलीविजन और रेडियो भी पूर्णतया बंद रहते हैं।

# नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपी ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत याचिका को वापिस ले लिया: देवराज

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी शहर के** एक टयूशन सेंटर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़-छाड़ के आरोपी ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत याचिका को वापिस ले लिया है। यह जानकारी डीएसपी हेडक्वार्टर देवराज ने दी। उन्होंने कहा कि मंडी शहर में ट्यूशन सेंटर के संचालक के खिलाफ तीन नाबालिग छात्राओं ने महिला पुलिस थाने में छेड़-छाड़ को लेकर एफआईआर दर्ज करवाई हैं। पहली एफआईआर 8 जनवरी को दर्ज हुई थी जिसके बाद दूसरी 10 को और तीसरी



12 जनवरी को दर्ज हुई है। हालांकि मामला काफी पुराना है और इस बात का पता तब चला जब इन छात्राओं ने अपने साथ हुए घटनाक्रम का जिक्र परिजनों के साथ किया। उसके बाद परिजन महिला थाने पहुंचे और टयूशन सेंटर संचालक के खिलाफ मामले दर्ज करवाए। डीएसपी हेडक्वार्टर देव राज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी लेकिन उसे अब वापिस ले लिया गया है। डीएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भ्रांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि आरोपी को जमानत मिल गई है जबकि यह गलत खबर है। आरोपी को जमानत नहीं मिली है।

## न्यूज फ्लैश

### जनपद प्रभारी मंत्री संदीप सिंह लाड़ली जी मंदिर में आज करेंगे सफाई

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रदेश के शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व जनपद प्रभारी मंत्री संदीप सिंह मुख्यमंत्री योगी जी के आह्वान पर कल (आज) शाम तीन बजे बरसाना के विश्व विख्यात लाड़ली जी मंदिर में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में अपनी टीम के साथ करेंगे सफाई। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट निर्भय पांडेय ने दी। पार्टी जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकताओं से देवालयों में सफाई अभियान में जुटने की अपील की है।

### आम आदमी पार्टी हराती नहीं,सूपड़ा साफ करती है : अनुराग ढांडा

**शाहाबाद/कुरुक्षेत्र, 15 जनवरी**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को शाहबाद में बदलाव महारैली निमंत्रण जनसभा की। उन्होंने इस दौरान 28 जनवरी को जींद में होने वाली बदलाव जनसभा का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आपके बच्चों की लड़ाई लड़ रही है ताकि आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस बदलाव रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान पहुंच रहे। आम आदमी पार्टी की बदलाव रैली हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी। इस रैली में हरियाणा के हर गांव में भारी संख्या में लोग पहुचेंगे। इस मौके पर उनके साथ मान सिंह रतनगढ़, सुमित हिंदुस्तानी, गेहल सिंह संधू, रोहताश रंगा और करणवीर सिंह लौट भी मौजूद रहे।

### बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर है, उनका सम्मान करे : कुलदीप नांगल

**राई/टीम एक्शन इंडिया**

गांव नांगल कलां निवासी एवं मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने बुजुर्गों के सम्मान के साथ भंडारे का आयोजन किया। कुलदीप द्वारा किए कार्यक्रम की बुजुर्गों ने सराहना करते हुए कहा कि वे पुरानी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बुजुर्गों का सम्मान कर रहे है। पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्गों के सम्मान से समाज आगे बढ़ता है हम सब कुछ बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। हम उन्हें छोड़कर इतिहास बोध से कट जाते हैं और इतिहास बोध से कटे समाज जड़ों से टूटे पेड़ जैसे सूख जाते हैं। कुलदीप नांगल ने कहा कि जिस परिवार में बड़े बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता उस परिवार में सुख, संतुष्टि और स्वाभिमान नहीं आ सकता। हमारे बड़े बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान हैं, हमारी धरोहर हैं। उन्हें सहेजने की जरूरत है। यदि हम परिवार में स्थायी सुख, शांति और समृध्दि चाहते हैं तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान करें। हमारे परिवारों में माता-पिता को देवतुल्य मानते हैं। इस मौके पर मंडी के आढ़ती व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ऋषि चैतन्य आश्रम पहुंचे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, गुरुमां आनंदमूर्ति ने किया स्वागत

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सोमवार को जीटी रोड स्थित षि चैतन्य आश्रम में पहुंचे। आश्रम पहुंचने पर गुरु मां आनंद मूर्ति ने मोहन भागवत का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मोहन भागवत ने षि चैतन्य आश्रम के 25 वर्ष पूरे हाने पर गुरू मां आनंद मूर्ति को बधाई दी। साथ ही उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचने का न्यौता भी दिया। आनंद मूर्ति ने कहा कि मोहन भागवत भारतीय संस्कृति और सामाजिक समानता के आदर्शों को सुदृढ करने के लिए निरंतर काम कर रहे है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश सेवा में लगा दिया। इस दौरान मोहन भागवत ने गुरु मां आनंद मूर्ति द्वारा लोगों को अध्यात्मिक ज्ञान दिये जाने पर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि गुरु मां ने इन 25 वर्षो में देश और लोगो का जीवन सुधारने के लिए काम किया है।

- सुरक्षा की दृष्टि से लगाए पुलिस नाके

आरएसएस प्रमुख मोहना भागवत के दौरे को लेकर सोनीपत पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से करीब 150 पुलिसकर्मियों को तैनात किया। सिंघू बार्डर से लेकर गुरु मां आश्रम तक कई जगह नाके लगाए गए और वाहनो की चैकिंग की गई। साथ ही बार्डर से भागवत की सुरक्षा के लिए पुलिस पीसीआर भी तैनात रही। आश्रम में जैमर भी लगाए गए, ताकि किसी तरह की कोई गतिविधि न हो।

# केंद्र सरकार ने सब्जी, फल, दूध आदि पर टैक्स लगाकर महंगाई बढ़ाने का काम किया है: गर्ग

**सब्जी मंडी के व्यापारियों द्वारा बिना माल बेचे एडवांस टैक्स भरवाने का फरमान जारी करना सरासर गलत है- बजरंग गर्ग**

**तानाशाही**

**8 मोदी जी को अपनी घोषणा के अनुसार देश व प्रदेश में मार्केट फीस समाप्त करनी चाहिए-**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने सब्जी मंडी के व्यापारियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड ने सब्जी मंडी के व्यापारियों पर 40 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर नया स्लैब प्रणाली बनाई है, वह सरासर गलत है। जिसमें हर साल 10 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर देना होगा और बिना माल बेचे ही एडवांस टैक्स भरवाने का फरमान जारी किया है जब व्यापारी ने माल बेचा ही नहीं तो एडवांस टैक्स भरवाने का नियम गैरकानूनी है। सरकार ने तानाशाही फरमान वापिस नहीं लिया तो हरियाणा सब्जी मंडी बंद करके व्यापारी सड़कों पर उतरेगा।

बजरंग गर्ग ने कहा कि पिछली सरकार में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सब्जी व फलों पर से पूरी तरह मार्केट फीस व एचआरडीएफ हटाने का काम किया था मगर इस सरकार ने सब्जी व फलों पर फिर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ लगाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 1 जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू करते समय घोषणा की थी कि भारत में सिर्फ एक ही टैक्स जीएसटी रहेगा।

प्रधानमंत्री जी को अपने वादे के अनुसार देश व प्रदेश में मार्केट फीस समाप्त करनी चाहिए ताकि देश के किसान व आम जनता को महंगाई से कुछ राहत मिल सके। एक तरफ सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने की बात कर रही है दूसरी तरफ दूध, दही, लस्सी, कपड़ा, चीनी आदि आम जरूरत के सामान पर कभी भी टैक्स नहीं था उस पर टैक्स लगाकर देश में महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है जो उचित नहीं है। सरकार ने पहले ही 5 प्रतिशत टैक्स वाली वस्तुओं पर 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर जनता की कमर तोड़ने का काम किया है जिसके कारण जनता में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है।

## एक्सप्रेस वे पर आपस में टकराईं दो सवारी बस, 30 लोग घायल

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**




यमुना एक्सप्रेस वे पर राया क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए सडक हादसे में दो बस आपस में टकरा गईं। हादसे में 30 दर्जन लोग घायल हो गए। वहीं एक यात्री की हालत नाजुक बनी हुआ है। हादसा यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 110 के समीप हुआ। आगरा की तरफ से नोएडा की तरफ का रही दो बस कोहरा में आपस में भिड़ गईं। बस में सवार यात्रियों मे चीख पुकार मच गई। बताया गया कि एक बस नोएडा से धौलपुर जा रही थी। वहीं दूसरी बस इटावा से नोएडा जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्राधिकरण के कर्मियों ने बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर यातायात भी प्रभावित हुआ। क्रेन की मदद से दुर्घटना ग्रस्त बसों को हटाया गया और यातायात को सुचारू किया गया।

टाटा नेक्सन सवार सुदर्शन सामंता निवासी सेक्टर 93 गुड़गांव ने बताया वह अपने परिवार के साथ वाराणसी जा रहे थे अचानक से सामने चल रहे ट्रक ने ब्रेक मार दी। जिससे उनकी गाड़ी पीछे से घुस गई और उसके बाद अन्य गाड़ियां भी टकरा गईं।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की खुशी में नगर कीर्तन निकाला गया



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क से गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की खुशी में नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा साहब से नगर कीर्तन आरंभ होकर मामा भंझा चौक विवेकानंद चौक गुरुद्वारा साहिब सेक्टर 15, 14 सेक्टरगुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा माडल टाउन होते हुए वापस गुरुद्वारा सुजान सिंह पार्क पहुंचकर नगर कीर्तन समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में सिख मार्शल आर्ट गतके जोर दिखाए गए। संगत द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया गया गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार कुलदीप सिंह ने संगत को बधाई दी महासचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 17 तारीख को गुरुद्वारा साहब में कीर्तन दरबार सजाया जाएगा जिसमें रागी एवं ढाडी संगत को कीर्तन एवं गुर इतिहास श्रवण करवायेगे इस दौरान गुरुद्वारा समिति के सदस्य हरगोविंद सिंह राकेश सचदेवा दलजीत सिंह गुरदीप सिंह दलजीत सिंह हरदीप सिंह आदि उपस्थित रहे

## सर्द मौसम से लड़ने को जरूरतमंदों की मदद को बढ़े हाथ

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सर्दी का सितम जारी है। गरीब लोगों के लिए यह मौसम किसी आपदा से कम नहीं होता है। कान्हा की नगरी में बडी संख्या में दूर दराज से आकर लोग आसरा लेते हैं। ऐसे में उन्हें मदद की जरूरत होती है। मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय मथुरा ओर नव सृजन वेलफेयर फाऊंडेशन सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आम जरूरत मंद गरीब निराश्रित लोगों को इस कड़ाके की शीत ऋतु से बचाव के लिए बड़ी संख्या में गर्म कम्बल वितरित किये गये। कार्यक्रम मथुरा नगर क्षेत्र के कैंट स्टेशन काली मां मंदिर के बाहर किया गया।

## विधायक भव्य बिश्रोई की मौजूदगी में कांग्रेस छोड भाजपा में शामिल हुए डॉ. राजेश सैनी

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

आज रोहतक में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्रोई के संघर्ष के साथी रहे डॉ. राजेश सैनी ने भाजपा की कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा के आदमपुर से विधायक भव्य बिश्रोई की मौजूदगी में डॉ. राजेश सैनी भाजपा पार्टी में शामिल हुए। विधायक भव्य बिश्नोई की अगुवाई में जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने राजेश सैनी के निवास स्थान पर पहुँचकर उन्हें पटका पहनाते हुए उनका भाजपा पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत किया। डॉ. राजेश सैनी कांग्रेस पार्टी में इस समय ओबीसी प्रदेश महासचिव के पद पर कार्यरत थे तथा कांग्रेस में ओबीसी जिला अध्यक्ष रह चुके है तथा इसके



अलावा अन्य पदों पर भी रहे है। डॉ. राजेश सैनी ने भाजपा में शामिल होने के बाद एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी सभी वर्गों का साथ में लेकर चलने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है और हरियाणा में यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश मे बिना किसी जातिय भेदभाव के दिन प्रतिदिन उन्नति की तरफ बढ़ रहा है, भाजपा सरकार में हर तबके के युवाओं को बिना पर्ची खर्ची के नौकरियां प्राप्त हो रही है।

# मोदी पर जनता का आशीर्वाद, जीत एतिहासिक होगी: बिप्लब देब

**अभियान**

**8 बिप्लब देब ने सोनीपत संसदीय क्षेत्र के गन्नौर विधानसभा के बूथ नंबर 112 पर किया दीवार लेखन।**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनावों की तैयारियों में तेजी लाते हुए हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने भी दीवार लेखन अभियान शुरू कर दिया। हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने सोनीपत संसदीय क्षेत्र की गन्नौर विधानसभा में टेहा गांव स्थित बूथ नंबर 112 पर दीवार पर कमल का फूल बनाकर "एक बार फिर से मोदी सरकार* का स्लोगन भी लिखा।

यहां उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने खुद भी बुलंद आवाज में एक नारा देते हुए कहा कि कहे हर दीवार, एक बार फिर मोदी सरकार। इस नारे पर उपस्थित कार्यकताओं ने जमकर तालियां ठोकी। कार्यकताओं के जोश को देखकर बिप्लब देब भी जोश में भरकर बोले कि कार्यकताओं के दम पर और जनता के आशीर्वाद से मोदी जी एतिहासिक विजय हासिल करके मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। श्री देब ने कार्यकताओं से दीवार लेखन अभियान को सफल बनाने की अपील की। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि 2014 में पहले भ्रष्टाचार के चलते सरकारों पर से जनता का विश्वास डगमगाने लगा था। स्थिर सरकार के लिए जनता ने 2014 में देश की कमान मोदी को सौंपी। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को तरक्की के नए शिखर पर पहुंचाया है। विश्व में मोदी के नेतृत्व का डंका बज रहा है। सांस्कृतिक, आर्थिक और वैश्विक स्तर पर भारत मजबूत हुआ है।

बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने देश को स्थित सरकार दी है ताकि देश में स्थिरता के साथ तेजी से विकास हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास को गति दी गई है। प्रदेश प्रभारी ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे दीवार लेखन अभियान के तहत हर बूथ पर दीवार लेखन का कार्य करें और लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दें।प्रदेश प्रभारी ने कहा कि यह अभियान बेहद ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें लिखे जाने वाले संदेशों में जनता रूबरू होगी और मोदी सरकार की उपलब्धियों को सरल तरीके से समझ सकेगी। इस दीवार लेखन में मोदी और मनोहर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। बिप्लब देब ने कहा कि हर नागरिक का सपना पूरा करना ही मोदी सरकार का संकल्प है।

## घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत के तहत की जनसभाएं

**पानीपत कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**

कांग्रेस पार्टी के घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत महिपाल सूबेदार ने करनाल लोकसभा से कांग्रेस पार्टी के भावी प्रत्याशी भाई चाणक्य पंडित के साथ पानीपत ग्रामीण की कॉलोनीयों में दूसरे अभियान के तहत जनसभाएं की परशुराम कॉलोनी, जावा कॉलोनी ,वधावा राम कॉलोनी , नागपाल कॉलोनी डाबर कॉलोनी ,न्यू देशराज कॉलोनी, विजय नगर आदि में अभियान के तहत जनसभाएं को संबोधित किया। चाणक्य पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले हाथ से हाथ जोड़ो सफल अभियान का समापन किया था अब एक नया अभियान घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस। कांग्रेस पार्टी ने चलाया है जिससे पार्टी का पिछले 10 साल के शासन के काम को और जनकल्याणकारी योजनाओं को हम घर-घर तक ले जाने का काम करेंगे। हमारा यह काम मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने में मिल का पत्थर साबित होगा। महिपाल सूबेदार ने कहा कि इस सरकार में हर वर्ग दुखी है त्रस्त है सुनने वाला कोई नहीं है कॉलोनी में नेता लोग वोट लेने जाते हैं लेकिन समस्या सुनते और समाधान करवाने के लिए कोई नहीं पूछता सूबेदार ने आगे कहा कि यह कॉलोनीयों की जनता अबकी बार किसी के बहकावे में नहीं आएगी और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को वोट देकर के चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगी इस मौके पर धर्मपाल कौशिक ,शमशेर वाल्मीकि , विशंभर गुर्जर, सुधीर शर्मा ,विजय शर्मा, सुमित जोगी, डॉक्टर प्रेम सागर टिंकू जोगी ,डॉलर विडान, पीला राणा, राम मेहर शर्मा ,मास्टर वीर बहादुर ,मुकेश जोगी, सतपाल सैनी व सैकड़ो कॉलोनी मौजूद रहे।

## मुख्य मार्ग की टूटी पुलिया पर हो रहे हादसे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम अस्तोली में अकबरपुर शेरगढ़ के मुख्य मार्ग की पुलिया टूटी हुई है। जिस की वजह से आए दिन लगातार हादसे हो रहे हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों से काफी शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारी किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी ग्रामीणों की बातों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पुलिया टूटी होने से ईंटो से भरे ट्रैक्टर, बड़ी गाडियां आए दिन पलट रही हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्राम प्रधान रूप सिंह के द्वारा पुलिया डलवाई गई लेकिन वो भी ओवरलोड वाहनों से टूट गई जिस के कारण अब तो बाइक व राहगीरों का निकलना भी दुश्वार हो गया है। मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने से तालाब का रुप ले लिया ह ।

## सादगी और स्नेह के अवतार थे ब्रह्मा बाबा: आशा दीदी

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

ब्रह्मा बाबा का जीवन सदा ही सादगी और स्नेह से भरपूर रहा। बाबा निंदक को भी अपना मित्र समझते थे। उक्त विचार ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने व्यक्त किए। ब्रह्माकुमारीज के बहोडा कलां स्थित ओम शान्ति रिट्रीट सेंटर में ब्रह्मा बाबा के 55 वें स्मृति दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ये बात कही। आदि देव का जीवन दर्शन विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा का जीवन हमारे लिए एक आदर्श उदाहरण है। ब्रह्मा बाबा अपने



श्रेष्ठ क्रमों के द्वारा ही नई दैवी सृष्टि के सृजन का संवाहक बने। ब्रह्मा बाबा के हर कर्म में सदा ही विश्व कल्याण का भाव समाहित होता था। उन्होंने कहा कि दादा लेखराज के नाम से प्रसिद्ध हीरों के व्यापारी अपनी उदारता के कारण ही स्वयं शिव परमात्मा का माध्यम बने। परमात्मा शिव ने उनका कर्तव्य वाचक नाम प्रजापिता ब्रह्मा रखा। उन्होंने कहा कि परमात्मा कलयुग के अंत में परकाया प्रवेश कर नई सतयुगी दुनिया का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा मातृ शक्ति का बहुत सम्मान करते थे। इसलिए उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था की बागडोर माताओं-बहनों के हाथ में सौंपी।

- बदला नहीं लेना बदल कर दिखाना ही ब्रह्मा बाबा का मूल मंत्र

संस्था के दिल्ली, करोल बाग सेवाकेंद्र की निदेशिका पुष्पा दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा सदा कहते थे कि बदला नहीं लेना बदल कर दिखाना। कोई कैसा भी रहा ब्रह्मा बाबा ने सबको स्वीकार किया। निमित, निर्माण और निर्मल भाव सदा ही उनके रोम-रोम में समाया हुआ था। जो भी उनसे मिलता उनके मुख से यही निकला बाबा तो मेरा है।

कार्यक्रम में बाबा के जीवन चरित्रों पर आधारित वीडियो के माध्यम से बहुत सुंदर फिल्म दिखाई गई।

संस्था के सदस्यों ने बाबा को गीत एवं कविता के द्वारा भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बीके येशु ने राजयोग का अभ्यास कराया।

# नशा ग्रसित गांवों में लगाएँ जागरूकता कैंप : अनीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**

उपायुक्त अनीश यादव ने लघु सचिवालय के सभागार में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (एनकोर्ड) की मासिक बैठक ली और कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई जिले में किसी भी सूरत में पनपने न दिया जाए।उन्होंनें निर्देश दिए कि पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, रेडक्रॉस सोसाइटी व नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी ज्वाइंट एक्शन प्लान के अनुसार नशा ग्रसित गांवों में जागरूकता कैंप लगाएँ और नशा से ग्रसित लोगों की पहचान करके नशा मुक्ति केन्द्र में इलाज करवाने के लिए प्रेरित करें।

उपायुक्त ने अतिरिक्त



उपायुक्त को निर्देश दिए कि उक्त विभागों के अधिकारियों की सुविधा के लिए ज्वॉइंट एक्शन प्लान के अनुसार एक माह के लिए गांवों की सूची तैयार की जाए, ताकि इन विभागों के अधिकारियों द्वारा नशे की रोकथाम के लिए गांवों में बेहतरीन तरीके से लोगों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि वह कैमिस्ट की दुकानों पर रेड बढ़ाएं और कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्रों की नियमित रूप से जाँच की जाए और केन्द्रों में चैकलिस्ट भी लगाई जाए और इसकी एक प्रति अधिकारियों को भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि सही तरीके से चैकिंग की जा सके। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि वह कैमिस्ट की दुकानों पर रेड बढ़ाएं और कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। इसके अलावा संदेहास्पद ड्रग सप्लायर की सूचना पुलिस को दें।

एनकोर्ड के सदस्य सचिव व जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़ ने उपायुक्त के समक्ष 6 एजेंडे रखे और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि ज्वाईंट एक्शन प्लान के तहत शैक्षणिक संस्थानों में जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से स्कूलों की छुट्टियां खत्म होने के बाद हरियाणा सरकार द्वारा नशे की रोकथाम के लिए चलाया जा रहे धाकड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पैनल एडवोकेट गांव-गांव पहुँचकर एनडीपीएस एक्ट के बारे में जानकारी देंगे। उपायुक्त ने मनोचिकित्सक डॉ. मनन को निर्देश दिए कि वे जिले में नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर पीपीटी तैयार करें और उसे अगली बैठक में दिखाएं।

इस अवसर पर मनोचिकित्सक डॉ. मनन ने बताया कि पिछले 6 माह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशे से ज्यादा ग्रसित विभिन्न गांवों में 64 कैम्प आयोजित किए गए जिनमें 800 नशे से प्रभावित लोगों की पहचान की गई जिनमें से करीब 612 लोगों का नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम से ईलाज किया जा रहा है।

## अब वृंदावन पर है सरकार का ध्यान, कमिश्नर ने फिर ली बैठक

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सरकार का ध्यान वृंदावन में सुविधाओं को बेहतर बनाने पर है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग के सुंदरीकरण पर लगातार काम हो रहा है। वहीं कान्हा की नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को बांकेबिहारी कॉरिडोर का इंतजार है। कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी सोमवार की दोपहर को वृंदावन स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर पहुंचीं। यहां उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह, एसएसपी शैलेश पांडे के अलावा




नगर निगम मथुरा वृंदावन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी ने वृंदावन परिक्रमा मार्ग और यमुना के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आज वृंदावन के टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में मथुरा वृंदावन नगर निगम एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। जिसमें मथुरा वृंदावन से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि मथुरा वृंदावन नगर निगम में सफाई हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

